# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा./संस्था/एफ–I/12102(200-A)/सी.भ./वरि.कम्प्यू.अनु./2022/ दिनांक 13-03-2023

**संयुक्त निदेशक,**
**(स्कूल शिक्षा) सम्भाग कार्यालय,**
**जयपुर/जोधपुर।**

विषयः– राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थी कोमल मूथा (रोल नं.–411329) एवं अनिल कुमार (रोल नं.–409179) को संभाग आवंटन एवं नियुक्ति के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक शिविरा–मा./संस्था/एफ–I/12102(200-A)/सी.भ./वरि.कम्प्यू.अनु./2022 दिनांक 16.02.2023

उपर्युक्त विषयान्तर्गत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों को प्रासंगिक पत्र दिनांक 16.02.2023 द्वारा सम्भाग आवंटन किया जाकर काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापन हेतु आपके सुपूर्द किया गया।

उक्त क्रम में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के पत्र क्रमांक प.26(35) RSSB/परी./वरि. कम्प्यूटर अनु./2022/2917 दिनांक 24.02.2023 द्वारा वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित एवं अभिस्तावित 02 अभ्यर्थियों को स्पष्ट पात्र मानते हुए अभिस्तावना मय आवेदन पत्र नियुक्ति हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुई है।

अतः निम्नांकित अभ्यर्थी का सम्भाग आवंटन किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभ्यर्थी को इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र दिनांक 16.02.2023 एवं समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं शर्तों के अध्यधीन काउंसलिंग दिनांक 17-03-2023 को आयोजित कर उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी किया जावें तथा कार्यग्रहण की अन्तिम तिथि 11-04-2023 रखी जावें एवं जारी नियुक्ति आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाकर प्रति संस्थापन एफ–अनुभाग की ई–मेल आई.डी. ad.esttf.dse@rajasthan.gov.in पर अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

| रोल नं. | मेरिट नं. | नाम अभ्यर्थी | पिता का नाम | जन्मतिथि | वर्ग | चयन वर्ग | | आवंटित मण्डल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 411329 | 196 | KOMAL MUTHA | RAJENDRA MUTHA | 28/08/1992 | GEN-EWS | GEN-EWS | Female | JODHPUR |
| 409179 | 544 | ANIL KUMAR | MAHAVEER PRASAD | 01/07/1998 | SC | SC | MALE | JAIPUR |

उक्त अभ्यर्थी के आवेदन पत्र लिए जाने हेतु आपके कार्यालय के संस्थापन लिपिक को निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–11 में काउंसलिंग तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाने की व्यवस्था करावें। शेष शर्ते पूर्व दिशा–निर्देशानुसार यथावत रहेगी।

**(गौरव अग्रवाल)**
**आई.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों के सम्भाग आवंटन के आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
3. अनुभाग अधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग, कार्यालय हाजा को शाला दर्पण पोर्टल पर मेपिंग सम्बन्धी कार्यवाही हेतु।
4. संबंधित अभ्यर्थी................

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)